रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इनमें से केन्द्रीय सरकार के कितने कर्मचारी दिल्ली, मुंबई, मद्रास और कलकत्ता में कार्यरत हैं;

(ग) इनमें से कितने कर्मचारियों को सरकारी आवास प्रदान किये गये हैं, और

(घ) शेष कर्मचारियों को सरकारी आवास उपलब्ध कराने की योजना क्या है, और उन्हें कब तक सरकारी आवास उपलब्ध कराये जायेंगे?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.के. थुंगन): (क) तथा (ख) सरकारी कर्मचारियों की कुल संख्या के आंकड़े रखना इस मंत्रालय के क्षेत्राधिकार में नहीं आता।

(ग) जिन सरकारी कर्मचारियों को साधारण पूल वास दिया गया है उनकी संख्या इस प्रकार है:-

दिल्ली	बम्बई	कलकत्ता	मद्रास
63760	8528	5823	2272

(घ) वास आवंटन एक सतत प्रक्रिया है और रिक्तियों की उपलब्धता तथा प्रतीक्षा सूची के आधार पर किया जाता है। निधियों के आबंटन पर निर्भर करते हुए बड़े नगरों में और ज्यादा रिहायसी वास उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं।

मध्य प्रदेश को यूरिया का आवंटन

2545. श्री गोविन्दराम मिरी: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1995 के खरीफ के वर्ष के लिए मध्य प्रदेश को आवंटित किये गये नियंत्रण-मुक्त उर्वरक यूरिया की मात्रा क्या है;

(ख) क्या अप्रैल, 1995 से खरीफ वर्ष 1995 तक आवंटित किये गये यूरिया के अलावा भी मध्य प्रदेश सरकार ने 100 टन यूरिया की अतिरिक्त मांग की है; और

(ग) यदि हां, तो क्या यूरिया की मध्य प्रदेश की इस अतिरिक्त मांग को अगस्त, 1995 तक पूरा कर दिया जायेगा?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अरविंद नेताम): (क) खरीफ 1995 मौसम के लिए मध्य प्रदेश को मार्च, 1995 में 6.58 लाख मीटरी टन यूरिया का आवंटन किया गया था।

(ख) तथा (ग) मध्य प्रदेश सरकार ने इस मौसम के लिए यूरिया का आवंटन विद्यमान 6.58 लाख मीटरी टन से बढ़ाकर 7.50 लाख मीटरी टन करने का अनुरोध किया है। इस राज्य को 25,000 मीटरी टन यूरिया का अतिरिक्त आवंटन किया गया है।

Promotion of SC/ST Engineers in C.P.W.D.

2546. SHRI JALALUDIN ANSARI: Will the Minister of URBAN AFFAIRS & EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether promotion under reservation policy from Class I posts to Class I posts in category "A" from Executive Engineer to Superintending Engineer are being made to SC/ ST employees in compliance with 77th amendment of the Constitution of India;

(b) if so, whether in Central Public Works Department while reviewing the cadre, steps have been taken by Government to promote SC/ ST Executive Engineer to Suprintending Engineer as per reservation in promotion orders, since January, 1995 till date; and

(c) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT (SHRI P.K. THUNGAN): (a) to (c) Reservation for Scheduled Castes/ Scheduled Tribes and other concessions to these categories in posts belonging to various groups in civil services filled by promotion is governed by instructions issued by the Govt. of India from time to time. These instructions are followed in making promotions to various posts in the Central Public Works Department, including posts in the grade of Superinteneding Engineer.

आलू उत्पादकों के लिए प्रशीत भंडार गृह (कोल्ड स्टोरेज) सुविधाएं

2547. प्रो. रामबक्ष सिंह वर्मा: क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के फर्रूखाबाद जिले में आलू का सबसे अधिक उत्पादन होता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कि आलू खराब न हो, प्रशीत भंडार गृह (कोल्ड स्टोरेज) इत्यादि के लिये कोई व्यवस्था की है; और